राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। बुधवार • 4 दिसम्बर • 2019
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

मम्मी-पापा ने किया सोशल वर्क या मिला हो अवार्ड तो दाखिला आसान

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

नर्सरी दाखिला

नर्सरी दाखिले की उम्मीद में पब्लिक स्कूलों में आवेदन करने वाले अभिभावकों के लिए स्कूल अलग-अलग तरह के प्वाइंट्स रख रहे हैं। राजधानी के एक स्कूल ने नर्सरी दाखिले की क्राइटेरिया में घोषित किया है कि यदि माता-पिता ने पांच साल से अधिक समय तक सोशल वर्क किया है और यदि अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड तय क्षेत्रों में मिले होंगे तो उनके बच्चों को दाखिले में प्वाइंट्स मिलेंगे जिससे दाखिला आसान होगा। यह क्राइटेरिया पूर्वी दिल्ली स्थित सलवान पब्लिक स्कूल ने घोषित किया है।

स्कूल द्वारा घोषित क्राइटेरिया के अनुसार नेबरहुड के 20 प्वाइंट्स, फर्स्ट बॉर्न चाइल्ड के 10 प्वाइंट्स, एल्यूमनी के 10 प्वाइंट्स व गर्ल चाइल्ड के पांच प्वाइंट्स तय किए गए हैं। इसी प्रकार सोशल वर्क के लिए 20 प्वाइंट्स रखे गए हैं। इस सोशल वर्क में यदि अभिभावक ने एनजीओ व संगठन जैसे हेल्पएज इंडिया, क्राई, गूंज, चिंतन, कैनकेयर, सीएसई में पांच साल से अधिक समय तक काम किया है तो यह प्वाइंट्स मिलेंगे। इसी प्रकार यदि अभिभावक को शैक्षणिक, स्पोर्ट्स, थियेटर, आर्ट, लिट्रेचर, डांस एंड म्यूजिक व इन्वायरमेंट आदि क्षेत्र को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर का अवार्ड मिला है तो 20 प्वाइंट्स मिलेंगे। यदि इन क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड मिला है तो 15 प्वाइंट्स मिलेंगे। इसी प्रकार राज्य स्तर का अवार्ड मिला है तो 10 प्वाइंट्स मिलेंगे।

सलवान पब्लिक स्कूल ने अपनी दाखिला क्राइटेरिया में रखे हैं इसके प्वाइंट्स

एमएम पब्लिक स्कूल में पांचवें दिन तक 155 फॉर्म बिके

ठिठुराने वाली ठंड में फॉर्म के लिए स्कूलों में दस्तक दे रहे अभिभावक : राजधानी में चल रही नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया के लिए इन दिनों ठिठुरती ठंड में अभिभावक आवेदन करने को स्कूलों में दस्तक दे रहें हैं। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोमा पाठक ने बताया कि मंगलवार को पांचवें दिन तक करीब 155 फॉर्म अभिभावक ले गए हैं। अभी शुरुआती दिनों में अभिभावक फॉर्म लेने आ रहें हैं। पाठक ने बताया कि स्कूल में नर्सरी दाखिले के लिए कुल 120 सीटें हैं।

रोहिणी स्थित माउंट आबू पब्लिक स्कूल की प्राचार्य ज्योति अरोड़ा ने बताया कि नर्सरी दाखिले के लिए जनरल कोटे के लिए कुल 88 सीटें हैं। स्कूल ने नेबरहुड के लिए 85 प्वाइंट्स, सिबलिंग के लिए 10 प्वाइंट्स, एल्युमनी-स्टाफ के 5 प्वाइंट्स हैं। पंजाबी बाग स्थित एमजी जिंदल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ डीके पांडेय ने बताया कि नर्सरी दाखिले में जनरल कोटे लिए 162 सीटें हैं। स्कूल में अभी तक 300 अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है।

rakesh.nath.rs@gmail.com